# <u>एनएसएस शिविर के माध्यम से युवाओं में विज्ञान और महिला सशक्तिकरण का संदेश</u>

पंतनगर। 9 फरवरी 2026। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रेरित करना तथा समाज में महिलाओं और बालिकाओं की विज्ञान में भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई, इसके पश्चात महिलाओं के विज्ञान में योगदान पर प्रकाश डाला गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने पोस्टर व स्लोगन निर्माण, क्विज प्रतियोगिता तथा महिला सशक्तिकरण और महिला वैज्ञानिकों पर भाषण दिए। इसके बाद महाविद्यालय से चकफेरी कॉलोनी तक जागरूकता रैली निकाली गई। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने सरल विज्ञान मॉडल के माध्यम से बच्चों को विज्ञान की जानकारी दी तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर महिलाओं और बालिकाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को दर्शाया। कार्यक्रम का समापन समाज सेवा का संकल्प लेकर किया गया।

